# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 20.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

आज दिनांक 20.05.2025 को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय मे जनसुनवाई किया गया। कुल 24 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 03 भूमि विवाद व 04 मारपीट तथा शेष 17 अन्य से संबन्धित थें। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

**प्रेस नोट दिनांक 20.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆ क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा अपराध शाखा में नियुक्त विवेचकों का किया गया अर्दली रुम/अपराध समीक्षा गोष्ठी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में मयंक द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा आज दिनांक 20.05.2025 को अपराध शाखा में नियुक्त विवेचकों का अर्दली रुम/अपराध समीक्षा गोष्ठी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

प्रेस नोट दिनांक 20.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना बांसी पुलिस द्वारा 06 नफर वारण्टी को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल निर्देशन एवं संतोष कुमार तिवारी प्रभारी निरीक्षक बांसी के नेतृत्व में आज दिनांक 20.05.2025 को थाना बांसी पुलिस द्वारा विभिन्न वादो से संबन्धित 06 नफर वारण्टी को से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पुर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**गिरफ्तार वारंटी का विवरण-**

**01- शाह मो0 पुत्र मो0 अली राजा निवासी रोहुआ थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर, संबंधित वाद संख्या 12/16**

**02- राजू पुत्र धमालू निवासी टेकधर नगर थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर, संबंधित वाद संख्या-4863/2022**

**03-मेहरूनिशा पत्नी अली अहमद निवासी पठानपुरवा थाना को0 बांसी जनपद सिद्धार्थनगर, संबंधित वाद संख्या-1492/05**

**04-किताबुननिशा पत्नी पीर अहमद निवासी पठानपुरवा थाना को0 बांसी जनपद सिद्धार्थनगर, संबंधित वाद संख्या-1492/05**

**05-मदन गोपाल पुत्र लालसा निवासी द्वारिकापुर थाना को0 बांसी जनपद सिद्धार्थनगर, संबंधित वाद संख्या-843/15**

**06-मेराज अहमद पुत्र निसार अहमद निवासी नरकटहा चौक थाना को0 बांसी जनपद सिद्धार्थनगर, संबंधित वाद संख्या-239/06**

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण -

01.उ0नि0 विजय प्रकास दिक्षित थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर ।

02.उ0नि0 बलराम धर दुबे थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

03.हे0का0 राम प्रकाश थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

04.हे0का0 धर्मेन्द्र कुमार थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

05-का0 पवन कुमार थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

06.म0का0 कीर्ति सिंह थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 20.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

◆सिद्धार्थनगर एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत जनपद के स्कूल-कॉलेज व भीड़-भाड़ आदि स्थानों पर मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग की गयी ।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 20.05.2025 को प्रभारी एण्टी रोमियो स्कवाड टीम /शक्ति मोबाइल द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत एण्टी रोमियो कार्यवाही के तहत थाना क्षेत्र सिद्धार्थनगर मे नेशनल पब्लिक स्कूल,जवाहर बालिका इण्टर कालेज व थाना क्षेत्र मोहाना मे वर्डपुर, गनेशपुर, चौक व स्कूल-कॉलेज/कोचिंग सेन्टर के पास तथा थाना क्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को, चौराहों पर चेकिंग की गयी तथा महिला दुकानदारों से

**नियमित आए दिन चौराहों बाजारों आदि में अनावश्यक घूमने वाले शोहदों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई, चेकिंग के दौरान कोई अप्रिय बात नहीं रही।**

**एण्टी रोमियों टीम का विवरण-**

**01-म0उ0नि0 शाइस्ता प्रभारी एण्टी रोमियो टीम जनपद सिद्धार्थनगर**

**02. आरक्षी श्री प्रकाश चौरसिया एंटी रोमियो स्क्वायड**

**प्रेस नोट दिनांक 20.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना डुमरियागंज पुलिस की प्रभावी पैरवी से गबन के आरोपी को 03 वर्ष के सश्रम कारावास तथा ₹10,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

**पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के क्रम में डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में आज दिनांक 20.05.2025 को वाद सं0 3204/2001 मु0अ0सं0 233/2001 धारा 409 भादवि थाना डुमरियागंज मे पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री अनुभव कटियार मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा अभियुक्त छैलबिहारी भट्ट पुत्र स्व0 शिवबल भट्ट निवासी मुडिला चन्दन राय पोस्ट गोविन्दनगर थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर को 03 वर्ष के सश्रम कारावास तथा ₹10,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजन अधिकारी अजय गौतम तथा न्यायालय पैरोकार मुख्य आरक्षी बावनजीत थाना डुमरियागंज का सराहनीय योगदान रहा।**

**प्रेस नोट दिनांक 20-05-2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में चलाये जा रहे परिवार परामर्श केंद्र/नई-किरण(टूटते परिवार को जोडने की एक पहल कार्यक्रम) के तहत महिला थाना द्वारा 04 परिवार के मध्य सुलह समझौता कराकर उनके परिवारो को बिखरने से बचाया गया**

**डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देश पर आज दिनांक 20.05.2025 को महिला थाना सिद्धार्थनगर पर परिवार परामर्श केंद्र/नई किरण (टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल कार्यक्रम) का आयोजन किया गया । इस आयोजन में 06 पत्रावली विचारार्थ प्रस्तुत हुई । जिसमें परामर्श के बाद 04 पत्रावली का सफल निस्तारण कर 04 परिवारों को बिखरने से बचाया गया व 02 पत्रावली में वार्ता प्रचलित है 04 परिवार को बिखरने से बचाने में थानाध्यक्ष मीरा चौहान, उपनिरीक्षक राम नारायण शुक्ला, म0हे0का सत्या त्रिपाठी ,सविता सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।**

**निस्तारित पत्रावली का विवरण निम्न है-**

**01. मैना पत्नी गणेश साकिन कटसरया थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।**

**02. मनीषा पत्नी कन्हैया साकिन सिसहनिया थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।**

**03. श्रीकांती पत्नी रामउजागर साकिन गौहनिया थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।**

**04. कुसमावती पत्नी रामवृक्ष साकिन माधव नगर थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।**

**प्रेस नोट दिनांक 20.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆प्रभारी यातायात द्वारा पुलिस लाइन सभागार मे यातायात उपकरण प्रशिक्षण शिविर का किया गया आयोजन।**

**◆दो पहिया पर तीन सवारी/बिना हेलमेट, गलत दिशा मे वाहन चलाना,सड़को के किनारे अवैध अतिक्रमण हटवाने के विरुद्ध कार्यवाही की गयी।**

**आज दिनांक 20.05.2025 को पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर डा० अभिषेक महाजन के आदेश के अनुपालन के क्रम मे,अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन मे, क्षेत्राधिकारी यातायात श्री अरुणकांत राय के कुशल पर्यवेक्षण मे प्रभारी यातायात अमरेश कुमार मय टीम द्वारा पुलिस लाइन सभागार कक्ष मे समस्त थानो के उपनिरीक्षक को यातायात उपकरण (बॉडी वार्न कैमरा/ब्रेथेनलाज़र) प्रशिक्षण कराने के साथ ही बाँसी,सनई चौराहा, साड़ी तिराहा, पावर हॉउस तिराहा, पेट्रोल पम्प तिराहा आदि स्थानों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने के साथ पी० ए० सिस्टम से आम जनमानस को जागरूक करने के साथ ही सड़को पर खड़े बड़े वाहन जिनसे दुर्घटना की प्रबल संभावना थी उनको चालान कर हटवाने के साथ-साथ अन्य स्थानों पर दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी/बिना हेलमेट वाहन चलाने तथा चार पहिया वाहनों मे सीटबेल्ट का प्रयोग न करना,गलत दिशा मे वाहन चलाने वालो का चालान करते हुए कुल 55वाहनों का चालान करते हुए ₹71500/- शमन शुल्क की कार्यवाही करते हुए प्रत्येक दशा मे यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओ की संख्या मे भारी कमी लायी जा सके।**

**प्रेस नोट दिनांक 20.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा एसएसबी व थाना मोहाना पुलिस के साथ थाना मोहाना के ककरहवा बार्डर पर पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

**डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 20-05-2025 को मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा एसएसबी व थाना मोहाना पुलिस के साथ थाना मोहाना के ककरहवा बार्डर पर पैदल गश्त/चेकिंग किया गया और एसएसबी के साथ भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने, आपसी समन्वय बढ़ाने तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के सम्बन्ध में वार्ता की गयी।**

**प्रेस नोट दिनांक 20.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार तथा जनपद में कानून एवं शांति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/ थाना क्षेत्रो में चेकिंग/पैदल गश्त कर आम जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया।**

**पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 20.05.2025 को समस्त क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार तथा जनपद में कानून एवं शांति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु रूट मार्च व चेकिंग किया गया तथा अपने-अपने सर्किल/ थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पाट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पड़ने वाले भीड़-भाड़ वाले स्थानों के आस पास के क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहनों की गहनता से चेकिंग/पैदल गश्त तथा आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया व आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।**